# चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिला न्याय तो तहसील में धरने पर बैठ गया परिवार

## परिवार संग महिला के धरने की जानकारी पर हरकत में आए जिम्मेदार, दौड़ाई टीमें

संवाददाता, बीसलपुर



महिला के गांव पहुंचकर जमीन की नाप कराती टीम। ● अमृत विचार

● एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और राजस्व टीम ने गांव पहुंचकर शुरू की जांच, जमीन की कराई नाप

**अमृत विचारः** महिला की खरीदी गई जमीन पर कब्जा करने की कोशिश और झोपड़ी में आग लगाने के मामले को पहले जिम्मेदार टाल गए। महिला ने परिवार समेत तहसील में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया तो खलबली मच गई। एसडीएम के निर्देश पर आनन-फानन में जांच के पुलिस और राजस्व टीम गावं भेज दी गई। जमीन की नाप कराई गई। पीड़ित परिवार को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकरिया के रहने वाले कप्तान सिंह की पत्नी माया देवी ने एक वर्ष पूर्व गांव के ही मूलचंद से गांव में जगह खरीदी थी। उसका कहना है कि इसका दाखिल खारिज भी करा लिया गया। इसके बाद अपनी खरीदी हुई जमीन पर छप्पर डालकर रहने लगी। एक साल बाद गांव की ही एक महिला समेत चार लोगों ने उसकी झोपड़ी में तोड़फोड़ कर उसमें आग लगा दी। आरोप है कि महिला ने इसकी शिकायत कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने टरका दिया। सुनवाई न होने पर एक मुकदमा सिविल जज जूनियर डिवीजन बीसलपुर न्यायालय में डाला, जिसमें उसे स्टे मिल चुका है। फिर भी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। इसी से आहत होकर माया देवी ने सोमवार को तहसील परिसर में परिवार समेत धरना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम नागेंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और महिला को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। तत्काल राजस्व और पुलिस टीम मौके पर भेज दी गई। टीम ने जमीन की नाप की। आश्वासन मिलने पर महिला धरना समाप्त कर लौट गई।

> एक महिला परिवार के साथ तहसील परिसर में आई थी। इसकी जानकारी मिलने पर उससे वार्ता की गई। पुलिस और राजस्व टीम को गांव भेजकर जांच कराई जा रही है। प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई कराई जाएगी। – **नागेंद्र पांडेय**, एसडीएम बीसलपुर

### महिला ने परिवार की जान को बताया खतरा

धरने देने पहुंचे परिवार ने दूसरे पक्ष से जान का खतरा बताया है। उसका कहना है कि आरोपी आए दिन झगड़ा फसाद करते हैं। गांव में ना रहने देने की धमकी दी जाती है। उसकी झोपड़ी में भी आग लगाई जा चुकी है। ऐसे में आरोपियों से जान का खतरा भी बताया है।

# गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ गायत्री यज्ञ



गायत्री शक्तिपीठ पर हुए यज्ञ में शामिल लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** गायत्री परिवार के अनुयायियों की ओर से गायत्री शक्तिपीठ पर यज्ञ एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्यों ने शामिल होकर यज्ञ में आहुतियां दीं।

मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने बताया कि गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा सनातन संस्कृति, संस्कार परक शिक्षा, मानव से महामानव बनने, वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय गायत्री परिवार पूरे क्षेत्र में जन जागृति अभियान चला रहा है। हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। यज्ञ में परिजनों ने भागीदारी कर लोक कल्याण की कामना की।

आरती, परिक्रमा, जयघोष, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम परिवराजक राजेंद्र कुमार ने सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में प्रताप सिंह, देवकीनंदन, रामपाल गंगवार, माखनलाल, श्रीपाल सिंह, अनोखेलाल, वीरेन्द्र कुमार, गायत्री देवी, सरला देवी, गंगा देवी आदि का विशेष सहयोग रहा। सत्य पाल सिंह यादव ने सभी परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरित किया।

## पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने की गश्त

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नेपाल सीमावर्ती माधोटांडा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल गश्त की। एएसवी विक्रम दहिया की अगुवाई में पुलिस बल ने गश्त की। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संभ्रांत नागरिकों से संपर्क कर संवाद भी किया गया। इस मौके पर एसडीएम कलीनगर महिपाल सिंह, सीओ प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल आदि मौजूद रहे। दुकानदारों से भी अतिक्रमण न करने की अपील की।

## महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर में रविवार रात आठ बजे दो लोग घुस आए। तमंचे के बल पर डरा धमकाकर छेड़छाड़ की। शोर पर परिवार के अन्य लोग आ गए। इस पर आरोपी मारपीट कर मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गर्म हवा के थपेड़ों से आंखों में बढ़ी एलर्जी ड्राइनेस की समस्या

● मेडिकल कॉलेज में उमड़ रही भीड़, डॉक्टर दे रहे बचाव की सलाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज में जमीन में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज व तीमारदार।



मेडिकल कॉलेज में नेत्र विभाग में मरीजों की आंखे चेक करते डॉक्टर जगराज।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लू का प्रभाव अब केवल शरीर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका सीधा असर लोगों की आंखों पर भी पड़ रहा है। तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है और गर्म हवाओं के चलते आंखों की एलर्जी, जलन, चुभन, खुजली और सूजन जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में लगातार ओपीडी में वृद्धि देखने को मिल रही है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में इन दिनों में डायरिया, उल्टी, बुखार, खांसी के साथ अब आंखों के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में करीब 1205 पर्चे बने। जिसमें 210 के आसपास पर्चे आंखों की समस्या से ग्रसित मरीजों के रहे। अधिकतर मरीज आंखों में एलर्जी, जलन और सूजन की शिकायत थी। इन मरीजों में बच्चों की संख्या भी चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जगराज ने बताया कि गर्मी और गर्म हवाओं की चपेट में आने से आंखों की मांसपेशियां प्रभावित हो रही हैं। तेज धूप के कारण आंखों में सूखापन (ड्राईनेस), जलन और लालिमा की समस्या आम होती जा रही है। गर्म हवा के कारण कॉर्निया के खराब होने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का हाल ही में मोतियाबिंद या अन्य नेत्र संबंधी ऑपरेशन हुआ है, उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। धूल-मिट्टी के कारण आंखों में संक्रमण और एलर्जी की संभावना बढ़ जाती है।

ऐसे में आंखों को सुरक्षित रखने के लिए उचित सावधानियां बेहद जरूरी हैं। इनके अलावा ओपीडी में सर्जरी, मेडिसन विभाग में भी मरीजों की भीड़ उमड़ रही। आलम यह रहा कि मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। परामर्श लेने के लिए घंटों डॉक्टरों का इंतजार करना पड़ा। इसके बाद मरीजों दवा काउंटर पर भी दवा के लिए इंतजार करना पड़ा।

### ये बरतें सावधानियां

- तेज धूप और धूल से बचने का प्रयास करें।
- घर से बाहर निकलते समय धूप से बचाव के लिए काला चश्मा लगाएं।
- आंखों में जलन या चुभन महसूस हो तो ताजे, ठंडे पानी से आंखें धोएं।
- आंखों को हाथ से न मसले और न ही रगड़ें।
- आंखों से पानी आने पर साफ सूती रुमाल या कपड़े का प्रयोग करें।
- किसी भी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना दवाओं का उपयोग न करें।

# अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में कर्तव्यों को निर्वाह करने की दिलाई शपथ




कार्यक्रम में मौजूद अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● रुचि ने मधु कुमार को गुडविल एम्बेसडर अवार्ड से नवाजा

**अमृत विचारः** अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री का इंस्टॉलेशन और अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम एक होटल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके शर्मा, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन नगर पालिका डॉ. आस्था अग्रवाल रहे। अतिथियों संग अजय कुमार, मधु कुमार, मिथिलेश शर्मा, प्रिया जगोता, अनुरीत सक्सेना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत कराई। संचालन नीतू सिंह व वर्षा सक्सेना ने किया।

अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व माला पहनाकर किया गया। अनिविका अग्रवाल ने स्वागत नृत्य, जोयाना मैनी ने ईश्वर वंदना प्रस्तुत की। चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार ने नई टीम की अध्यक्ष किरण हाडा, उपाध्यक्ष निशा सक्सेना, सचिव पंकज सक्सेना, उप सचिव निर्मला, कोषाध्यक्ष नीतू वर्मा शशि मैनी, पीआरओ संगीता शुक्ला को पद और क्लब के प्रति अपने कर्तव्यों को निर्वाह करने की शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष रुचि सिंगल ने मधु कुमार को गुडविल एम्बेसडर अवार्ड से नवाजा। इस मौके पर खटीमा अलायंस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र परुथी भी शामिल हुए।

## तेज रफ्तार कार ओवर ब्रिज के नीचे घुसी, एक की मौत

**खुटार, अमृत विचारः** तेज रफ्तार से जा रही एक कार ओवर ब्रिज के नीचे घुस गई, जिससे कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें गाड़ी की खिड़की तोड़कर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि गाड़ी के चालक को गंभीर हालत में जिला मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव बऊआ में रहने वाले अरविंद कुमार (30) पुत्र हंसराम ने अभी हाल ही में गाड़ी खरीदी थी। सोमवार को वह अपनी गाड़ी की सर्विस कराने के लिए खुटार आए हुए थे। शाम 7 बजे के करीब जब वह गाड़ी की सर्विस कराकर पड़ोसी गांव बिचपुरी निवासी राहुल (24) पुत्र शिवपाल के साथ वापस जा रहे थे। तभी गाड़ी खुटार पुवायां रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे घुस गई। जिससे दोनों गाड़ी के अंदर फस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टर ने अरविंद कुमार को मृत घोषित कर दिया।

# केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित




समर कैंप में भाषा पर चर्चा करती शिक्षिका व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से कराया गया आयोजन


**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन 2 से 9 जून तक चलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इसे कराया गया।

पहले दिन की शुरुआत प्राचार्य असलम जावेद ने कराई। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा के अतिरिक्त एक अन्य भारतीय भाषा से परिचित कराना है, जिससे भाषाई विविधता को प्रोत्साहन मिले और राष्ट्रीय एकता सुदृढ़ हो। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को इस वर्ष पंजाबी भाषा सिखाई जा रही है।

कैंप में पंजाबी विषय की विशेषज्ञ शिक्षिका शालू सूरी द्वारा विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा बोलना, पढ़ना एवं लिखना सिखाया गया। आयोजन की समस्त जिम्मेदारी वरिष्ठ प्रवक्ता सूर्य प्रकाश सिंह ने निभाई। इस मौके पर शिक्षक मुकेश पाल सिंह, सारिका मौर्य, यश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# ससुराल आए युवक का जंगल में मिला शव

संवाददाता, खुटार



● 29 मई को कुंभिया माफी गांव अपनी ससुराल आया था युवक

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी में ससुर के साथ ससुराल आया युवक लापता हो गया। दो दिन तलाश के बाद जब युवक का कोई पता नहीं चला, तो ससुर ने गुमशुदगी की तहरीर दी। सोमवार को युवक की तलाश कर रहे सुसुराली जनों के साथ ग्रामीणों को उसका शव जंगल में पेड़ पर रस्सी से लटका मिला।

जिला लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव भंगेली निवासी सियाराम ने बताया कि उसके पुत्र कमलजीत (35) की शादी 2011 में गांव कुंभिया माफी निवासी रामकुमार की बेटी लक्ष्मी देवी के साथ हुई थी। उसके एक पुत्री आरुषि (6), एक पुत्र अमन 9 माह का है। कमलजीत के ससुर रामकुमार उसके पास के गांव रसूलपुर गए थे। तभी 29 मई को उनके साथ बाइक से अपनी ससुराल आया था। रामकुमार ने बताया कि ससुराल आने के बाद वह कहीं चला गया। देर रात तक वापस न आने पर सभी लोग उसकी तलाश करने लगे। दो दिन तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। तब रामकुमार ने रविवार को गुमशुदगी की तहरीर खुटार थाने में दी। सोमवार कुंभिया माफी के पास जिला लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के महेशपुर रेंज के मुकुन्दापुर जंगल में तलाश के दौरान कमलजीत का शव पेड़ की डाल पर रस्सी से लटका हुआ मिला। शव के कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी खड़ी थी। शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हो चुका था और दुर्गंध आ रही थी। कमलजीत के शव मिलने की सूचना पर उसकी ससुराल व घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी सहित परिजन व ससुरालीजनों मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची मोहम्मदी पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल चार रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के तहत हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव द्वारिकागंज निवासी रूद्र (19) पुत्र रमेशचंद्र, राजा (10) पुत्र बबलू और लगुची गांव निवासी इंसाफ खान (10) पुत्र नुहरे खान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर रुद्र और इंसाफ खान को डॉक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में नगर के कुम्हारन टोला निवासी सूरज (21) पुत्र लालू वर्मा, अनुराग गुप्ता (20) पुत्र गौरीशंकर बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार में दोनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पटेल नगर में टूटने लगी छह महीने पहले बनी इंटरलॉक सड़क व नाली

## मोहल्ले में 90 लाख से 450 मीटर लंबी नाली व इंटरलॉक सड़क का हुआ था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला पटेलनगर में छह माह पहले डूडा की ओर से इंटरलॉक सड़क का निर्माण कराया गया था। इस पर करीब 90 लाख से नाली और इंटरलॉक लगाई गई थी, मगर छह माह में ही सड़क और नाली टूटने लगी है। इससे मोहल्लेवासियों को आने जाने में दिक्कत होती है। वहीं बरसात के दिनों में यह टूटी सड़क और मुसीबत बनेगी।

पटेलनगर मोहल्ले में करीब 25 फीट चौड़ी और 450 मीटर लंबी सड़क के दोनो ओर नाली का निर्माण करवाकर इंटरलॉक लगाई गई थी। छह माह में ही नाली जहां टूटने लगी है तो वहीं सड़क बैठ रही है। मोहल्लेवासियों का कहना है करीब 20 से 25 फीट इंटरलॉक बैठ गई है तो वहीं इससे ज्यादा कहीं नाली टूटी है। इससे मोहल्ले में जलभराव की समस्या बनने लगी है।

वहीं सड़क के बैठने से लोगों का आना जाना तक दूभर है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान ही मानक अनुरूप निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा था, जिसकी शिकायत डीएम तक से हुई थी। मगर, किसी ने ध्यान नहीं दिया। यही वजह है छह माह में ही नाली टूट गई।



मोहल्ला पटेलनगर में टूटी नाली व धंसी इंटरलॉक बन रही मुसीबत। ● अमृत विचार

- सभासद प्रतिनिधि बोले मोहल्ले के लोगों को निकलने में हो रही दिक्कत

### बारिश मुसीबत बनेगी टूटी नाली व धंसी सड़क

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि टूटी नाली और धंसी सड़क का दुरूस्त कराने के लिए न तो डूडा के अधिकारी संज्ञान ले रहे हैं और न ही जिला प्रशासन, जबकि बरसात आने वाली है। ऐसे में धंसी सड़क जलभराव का कारण बनेगी, जिससे हादसे होंगे और पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियां पनपेगीं।

> इंटरलॉक बैठने का कारण गैस पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा जाना है। पाइप लाइन डालने वालों ने लेबरों ने सड़क खुदवाकर पाइप लाइन डाल दी और ऐसे ही मिट्टी पाटकर इंटरलॉक लगवा दी। वाहन निकलने से मिट्टी बैठ गई और इस वजह सं इंटरलॉक बैठ गई। मोहल्लेवासियों की असुविधा को देखते हुए संबंधित ठेकेदार को वहां पर व्यवस्थित तरीके से इंटरलॉक लगाने के लिए 15 दिन का समय दिया है।
> **-डॉ. अजय कुमार सिंह**, परियोजना अधिकारी डूडा

> छह माह पहले इंटरलॉक लगी थी। इसके कुछ दिन बाद ही गैस पाइप लाइन डालने के लिए इंटरलॉक उखाड़ी गई थी। पाइप लाइन डालने के बाद सही से मिट्टी की पटाई कर इंटरलॉक न लगाने से वह बैठ गई। मोहल्लेवासियों को इससे होने वाली समस्या को दूर कराने का प्रयास किया जा रहा है।
> **-पारस मौर्य**, सभासद प्रतिनिधि

## एसडीएम के निर्देश पर खमरिया पुलिस ने पकड़ी जेसीबी

**धौरहरा, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध तरीके से मिट्टी बालू खनन के मामले में एसडीएम धौरहरा ने कड़ा रूख अपनाया है। एसडीएम के आदेश पर खमरिया पुलिस ने रविवार रात एक जेसीबी मशीन कब्जे में ले ली है, जबकि ईसानगर पुलिस ने शनिवार रात को दो ट्रैक्टर व डोली करहा के साथ थाने में खड़े करा दिया।

काफी समय से तहसील क्षेत्र में स्क्रैपर व जेसीबी मशीनों के सहारे खनन माफिया अवैध तरीके से मिट्टी व बालू खनन कराने का कारोबार कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में मौजूद प्रशासनिक अफसरों की भी खूब किरकिरी हो रही थी। एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। एसडीएम के निर्देश पर खमरिया पुलिस ने रविवार रात खनन में लगी एक जेसीबी कब्जे में ले ली। दूसरी तरफ शनिवार रात ईसानगर पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर मय डोली करहा के पकड़कर थाना परिसर में खड़ा करा लिए हैं। धौरहरा पुलिस की मुरावनपुरवा पिकेट पुलिस ने भी रविवार की रात अवैध खनन में लिप्त एक वाहन कब्जे में लिया है।

# लुटेरों ने तमंचा लगाकर पानी की टंकी पर की लूटपाट

संवाददाता, रजागंज

- चौकीदार को हाथ पैर बांधकर डाला, मुंह में ठूंसा कपड़ा
- पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर हुई वारदात से मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** पीलीभीत बस्ती नेशनल हाईवे किनारे गोला कोतवाली क्षेत्र में बनी पानी की टंकी पर सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े धावा बोल दिया। चौकीदार को बंधक बनाकर उसकी पिटाई की और उसके हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस कर डाल दिया। बदमाश वहां रखा इंवर्टर, बैटरा, कॉपर तार आदि सामान लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े हुए वारदात से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर कोतवाली गोला क्षेत्र के गांव करनपुर व मुड़िया के बीच जनजीवन मिशन शक्ति की पानी टंकी बनी है। जिस पर गांव लोनियनपुरवा निवासी रजनीश चौकीदारी करता है। चौकीदार रजनीश ने बताया कि सोमवार की शाम करीब चार बजे तीन नकाबपोश बदमाश आए और खुद को मैकेनिक बताकर टंकी परिसर के अंदर घुस गए। वह कुछ समझ पाता। इससे पहले ही तीनों बदमाशों ने उसे दबोच लिया। बदमाशों ने उसकी पिटाई की। उसका मोबाइल छीन लिया। उसके हाथ पैर बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके कमरे में बंद कर दिया और बाहर से कुंडी लगाकर रखा इन्वर्टर- बैटरा, कापर के तार और उसका मोबाइल लूटकर भाग निकले।

कुछ देर बाद रजनीश के चाचा जब पानी की टंकी पर पहुंचे और उसे न पाकर आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने जब दरवाजा खोला तो चौकीदार की हालत देख उनके होश उड़ गए। चौकीदार रजनीश बेसुध हालत में पड़ा था। उसके मुंह में कपड़ा भरा हुआ था। उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। दिनदहाड़े हाईवे किनारे लूट की वारदात सुनकर लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। सूचना पाकर गोला कोतवाल चंद्रशेखर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की जांच कर चौकीदार और उसके चाचा से घटना की जानकारी ली।

# दुधवा टाइगर रिजर्व पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन



पलिया में हवाई पट्टी पर राज्यपाल को फूल देकर स्वागत करती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।





राज्यपाल का काफिला निकलने के दौरान रोके गए लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पलिया हवाई पट्टी पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया स्वागत
- कई कार्यक्रमों से शिरकत कर आज थारू महिलाओं से करेंगी बात

**अमृत विचार:** सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने दो दिवसीय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हेलीकॉप्टर से पलिया पहुंचीं। हवाई पट्टी पर डीएम, एसपी से लेकर सीडीओ ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद उनका काफिला कार से दुधवा टाइगर पर्यटन स्थल के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पलिया हवाई पट्टी से लेकर पर्यटन स्थल तक भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सोमवार रात दुधवा रूककर मंगलवार को कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेगीं। राज्यपाल के आगमन को लेकर पिछले कई दिनों से जिला प्रशासन तैयारियां में लगा था।

इसके लिए दुधवा टाइगर रिजर्व में साफ सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही थीं, जिससे राज्यपाल को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सोमवार को उनके आने से पहले ही जिला प्रशासन ने पलिया से लेकर दुधवा टाइगर रिजर्व को अपने कब्जे में ले लिया था। दोपहर 03:05 पर उनका हेलीकॉप्टर पलिया हवाई पट्टी पर उतरा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल अधिकारियों संग कार से दुधवा नेशनल पार्क के लिए रवाना हो गई। सोमवार रात दुधवा टाइगर रिजर्व में रात्रि विश्राम कर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इसके बाद बुधवार को पीलीभीत रवाना होंगी। इस दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार आरती यादव, सीओ यादवेंद्र यादव, थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

### आज के प्रस्तावित कार्यक्रम

राज्यपाल तीन यानी आज ग्राम बलेरा स्थित हस्तशिल्प उत्पादन केंद्र का जायजा लेकर थारू जनजाति की महिलाओं से वार्ता करेंगी। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय, बलेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर आंगनबाड़ी किट का वितरण कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगी। इसके बाद दुधवा टाइगर रिजर्व सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों संग बैठक करेंगी।

## सिंचाई करते समय करंट लगने से किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में गन्ने की फसल की सिंचाई करते समय ट्रांसफार्मर से उतरे करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव हजरतपुर निवासी बग्गा सिंह का बेटा कुलदीप सिंह (34) रविवार की दोपहर खेत में खड़ी गन्ने की फसल में पानी लगा रहा था। घर के पास रखे ट्रांसफार्मर से उतरे करंट की चपेट में आने से वह झुलस गया। परिजन झुलसे कुलदीप को लेकर आनन-फानन में सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मुन्नूगंज वारियर, पॉवर बैटरी रही विजेता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन खेले गए तीन मैच में मुन्नूगंज वारियर, पॉवर बैटरी और रेहान इलेवन की टीमों ने जीत दर्ज की।

लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन मुख्य अतिथि पूर्व शाखा प्रबंधक राममूर्ति मिश्रा, श्रीराम राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। टूर्नामेंट के पांचवें दिन पहला मैच यूपी ग्रामीण बैंक आर्यावर्त और मुन्नूगंज वारियर के बीच खेला गया। मुन्नूगंज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरजीत 71, अपूर्व 30 और अहद के 43 रनो की मदद से निर्धारित ओवरों में 195 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करते हुए यूपी ग्रामीण के बल्लेबाज कुछ खास न कर सके और यूपी ग्रामीण टीम 112 रन ही बना सकी। मुन्नूगंज वारियर की टीम ने 83 रन से शानदार जीत दर्ज की। रविवार रात दूसरा मैच पीटीआई इलेवन गोला और पॉवर बैटरी के बीच में खेला गया। पीटीआई इलेवन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाड़ी हर्ष 15 और हर्ष सेकेंड के 25 रनो की मदद से मात्र 60 रन का मामूली स्कोर बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए पॉवर बैटरी की ओपनर जोड़ी के धुआंधार बैटिंग कर सुफियान 28, शेद के 29 रनो की मदद से मात्र छह ओवरों में 10 विकेट से जीत हासिल की। तीसरा मैच हफीजपुर क्लब और रेहान इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें हफीजपुर क्लब के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।

रेहान इलेवन की टीम ने निर्धारित ओवरों में 114 रन बनाए। शुरू से ही एकतरफा दिख रहे इस मैच में हफीजपुर क्लब की टीम के खिलाड़ी लक्ष्य का पीछा करते हुए कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 41 रनो के स्कोर पर सिमट गए। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, प्रमोद साहनी, राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के डायरेक्टर मोहित पुरी, अनुभव गुप्ता, रामगुलाम पांडे, सुभाष मिश्रा सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महिला से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक युवक पर छेड़छाड़ और जान से मार देने की धमकी की नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव रानीगंज निवासी मूलचंद पुत्र कामता प्रसाद 31 मई की रात में 12 बजे रंजिश के चलते उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसके चीखने चिल्लाने पर वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पेंशनर परिवार के मेधावियों का होगा सम्मान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के जिला महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि संस्था ने पेंशनर्स परिवार के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसमें हाईस्कूल और इंटरमीडएट की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले परिवार के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 4 जून यानी बुधवार को कोषागार स्थित पेंशनर्स भवन में 11 बजे से होगा।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव झखरा निवासी एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया। गांव झखरा निवासी स्वामी दयाल की पत्नी आशा देवी (35) की रविवार को घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि आशा देवी लंबे समय से मानसिक तनाव में थी। उसका इलाज भी चल रहा था। रविवार की दोपहर आशा देवी चलते-चलते गिर पड़ी। हादसे में उनकी मौत हो गई।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव झखरा निवासी स्वामी दयाल की पत्नी आशा देवी (35) की रविवार को घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि आशा देवी लंबे समय से मानसिक तनाव में थी। उसका इलाज भी चल रहा था। रविवार की दोपहर आशा देवी चलते-चलते गिर पड़ी। हादसे में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

## बदलने के कुछ ही देर बाद फुंके दोनों ट्रांसफार्मर, बिजली गुल

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** कस्बा बम्हनपुर में तीन दिन पूर्व बदले गए एक ही खंभे पर रखे दो ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते रविवार की रात फिर फुंक गए। इससे सैकड़ों उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल हो गई। लोगों के घर अंधेरे में डूबे हुए हैं।

पलिया-निघासन स्टेट हाईवे से सटे बम्हनपुर में कब्रिस्तान वाले रास्ते पर एक ही खंभे पर दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। तीन दिन पहले बढ़ते ओवरलोड के चलते दोनों ट्रांसफार्मर भीषण गर्मी के बीच दगा दे गए और वह फुंक गए। उपभोक्ताओं की सूचना पर जेई सुभाष कश्यप ने दोनों ट्रांसफार्मर को रविवार की सुबह बदलकर लगाया था, लेकिन रात 11 बजे दोनों ट्रांसफार्मर फिर एक साथ फुंक गए। इससे पलिया-निघासन रोड और बरबनडा के उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल हो गई। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो हैं। उपभोक्ता बद्री मौर्य, छोटे, असलम, सत्तार, राकेश, रूपेश आदि ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच बिजली न आने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर लगवाने की मांग की है। जेई सुभाष कश्यप ने बताया कि जल्द ही ट्रांसफार्मरों को बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू की जाएगी।



एक ही खंभे पर रखे फुंके ट्रांसफार्मर।

# कागज मांगने पर ट्रैफिक सिपाही से भिड़ा बाइक चालक


कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** वाहन चेकिंग के दौरान समानता न रखना ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को भारी पड़ गया। इस दौरान एक बाइक चालक ट्रैफिक सिपाही से भिड़ गया और दूसरी बाइकों को बिना चेक किए छोड़े जाने का आरोप लगाने लगा। उसने ट्रैफिक सिपाही को पहले खूब खरी खरी सुनाई, जब ट्रैफिक जवान ने थोड़ी गर्मी दिखाई तो उसका पारा और चढ़ गया।

वह गर्मी निकालने की धमकी देता हुआ बाइक सहित मौके से चला गया। कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। संकटा देवी पुलिस चौकी के पास ट्रैफिक पुलिस का एक सिपाही दो पाहिया वाहनों को रोककर चेकिंग कर रहे था। बताते हैं कि इस दौरान चुनिंदा लोगों को ही रोका जा रहा था। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। सिपाही ने दोनों को रोका और हेलमेट व बाइक के कागज मांगे। लेकिन बातचीत के बाद सिपाही ने उन्हें जाने को कह दिया। बिना हेलमेट एक बाइक वाले को जाने देने की बात को लेकर दोनों के बीच बातचीत बढ़ गई। तमाम लोगों की भीड़ भी मौके पर लग गई। ट्रैफिक सिपाही ने जब दोनों युवकों से तेज आवाज में बात की तो बाइक चालक भी उसी अंदाज में बोलने लगा। उसने सिपाही को अभी गर्मी निकालने की धमकी दी और मौके से बाइक समेत चला गया। खास बात यह है कि संकटा देवी पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर करीब आधे घंटे तक हंगामा होता रहा, लेकिन चौकी पुलिस नदारद रही।



ट्रैफिक सिपाही से नोकझोंक करता बाइक चालक ● अमृत विचार



समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

## दहेज की मांग कर विवाहिता को घर से निकला, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला अर्जुननगर कॉलोनी निवासी विवाहिता ने पति व अन्य ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने और मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी नूरी पुत्री इरशाद अली ने बताया कि 23 मार्च 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ दान दहेज देकर उसका निकाह सैनिक कॉलोनी शाबान नगर जिला शाहजहांपुर में हुआ था। ससुराली दहेज से संतुष्ट नहीं थे और एक लाख रुपए की अतिरिक्त मांग करने लगे।

उसके घर वालों के रुपए न दे पाने पर पति मुकीम अहमद, ससुर सादिक अहमद, सास नजमा, देवर मुनीर और मुजीब मारपीट कर तरह-तरह से परेशान करने लगे। 28 मई को जब वह अपनी ससुराल में थी तो उनके पति, सास, ससुर और देवर ने उसे गंदी गाली देते हुए मारपीट की और धमकी देते हुए कहा अगर तुम्हारे घर वालों ने दहेज नहीं दिया तो तुम्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विद्युत पोल हटाए बिना कर दिया रोड चौड़ीकरण

## लापरवाही: जर्जर हालत में खड़े बिजली के पोल बन रहे हादसे की वजह, हर समय गिरने का रहता है डर

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** खीरी रोड पर नहरिया से लेकर राजापुर चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण हो रहा है, जिसमें जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं। रोड किनारे लगे जर्जर बिजली के खंभों को हटाए बिना ही अधिकारियों ने सड़क का चौड़ीकरण कर दिया है। ऐसे में यह जर्जर खंभे कभी भी राहगीरों के लिए जानलेवा बन सकते हैं।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक और इसकी वजह से आए दिन राजापुर में लगने वाली जाम की समस्या का हल निकालने के लिए डीएम ने खीरी रोड पर नहरिया से लेकर राजापुर चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए। करीब एक किलोमीटर लंबी सात मीटर सड़क को 14 मीटर किया जाना था। इसके लिए करीब छह करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ। काफी दिनों तक पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसमें हीलाहवाली करते रहे। मगर, डीएम की फटकार के बाद जिम्मेदारों ने रोड किनारे लगे बिजली के खंभे हटाए बिना ही निर्माण करवा दिया।

**पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बोले खंभे हटाने के लिए कई लिखे पत्र :** पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि बिजली के खंभे हटाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा, लेकिन किसी ने खंभे हटाने पर ध्यान नहीं दिया। सड़क चौड़ी को खुदाई होने की वजह से राहगीरों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। इसलिए डामर डालकर बनवा दी गई है।



सड़क पर आए खंभों की आड़ में लोग खड़ा कर रहे वाहन। ● अमृत विचार



ट्रांसफार्मर रखा होने की वजह से नहीं हो सका चौड़ीकरण। ● अमृत विचार

### डीएम का निर्देश भी रहा बेअसर

पिछले दिनों डीएम दुर्गा शक्तिनागपाल ने सड़क निर्माण में देरी होने पर नाराजगी जताई थी। इस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने विलंब की वजह बिजली के खंभे न हटाना बताया। इस पर डीएम ने खंभे हटाने के लिए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को 28 मई तक का समय दिया, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी खंभे नही हट सके।

### दुर्घटना का कारण बन रहे खंभे व ट्रांसफार्मर

सड़क चौड़ी करने से पहले साइड में लगे विद्युत पोल अब रोड पर आ गए हैं। करीब एक से दो मीटर रोड पर आने से राहगीरों से लेकर वाहन चालकों को में दिक्कत होती है। सबसे ज्यादा दिक्कत रोडवेज बस चालकों को होती है। जाम की स्थित में खंभो से टकराने की संभावना बनी रहती है।

### हटाए जाने हैं करीब 30 खंभे

राजापुर चौराहे से लेकर नहरिया तक बिजली विभाग की ओर से तमाम खंभे हटवा दिए हैं। मगर, अभी भी करीब 30 से 40 खंभे हटने बाकी है। इनके अलावा दो यूनीपोल भी इस जद में आ रहे हैं।



खीरी रोड पर एक निजी अस्पताल के सामने दो मीटर अंदर आ गया खंभा।



खीरी रोड पर नहरिया के पास सड़क के बीच आया यूनीपोल व बिजली का खंभा।

> रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे बिजली के खंभों को हटाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। चौड़ीकरण कार्य में देरी से बचने के लिए निर्माण कराना पड़ा। **-केके झा,** एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

> खंभों को हटाने के लिए नए विद्युत पोल की डिमांड भेजी गई थी। मगर, पर्याप्त संख्या में खंभे नहीं मिल सके। हालांकि तमाम खंभे शिफ्ट करा दिए गए हैं। जो रह गए हैं वह भी जल्द से जल्द से शिफ्ट करा दिए जाएंगे। **-शैलेंद्र कुमार एक्सईएन,** विद्युत वितरण खंड प्रथम

## छात्रों को बताया पर्यावरण का महत्व

**संवाददाता, औरंगाबाद**

**अमृत विचार:** पर्यावरण के महत्व और उससे जुड़ी समस्याओं को लेकर सोमवार को जगजीत सिंह बाछिल इंटर कॉलेज शाहूपुर मितौली में एक पर्यावरण संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छात्र व छात्राओं को पर्यावरण से जुड़ी तमाम जानकारियां दी गई। कॉलेज की प्रधानाचार्य शशिप्रभा मिश्रा, प्रोफेसर जेपी. सिंह व ऋषभ सिंह के साथ ही मौजूद अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण के प्रति दिए गए संदेश को पढ़कर सभी को सुनाया गया। सभी ने 2-2 पेड़ लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान चंद्रेश्वर सिंह, विनायक तिवारी, प्रांजल मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्मी को दस साल की कैद, जुर्माना

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोष सिद्ध होने पर युवक को दस साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मामला वर्ष 2012 का है। आरोपी नरोतत्म ने गांव की ही एक 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी। विशेष न्यायाधीश गुलाम मुस्तफा ने सुनवाई के बाद नरोत्तम को दोषी पाया। उसे 10 साल की कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन ने 7 गवाह व 10 कागज साक्ष्य के रूप में कोर्ट में पेश किए।

## विश्व उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** एक महीने तक चलने वाले विश्व उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए रक्तचाप को नियंत्रित रखने के बारे में बताया गया।

सोमवार 2 जून को एनसीडी क्लीनिक गोला सीएचसी द्वारा नुक्कड़ टीम के सहयोग से तहसील परिसर में उच्च रक्तचाप के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह ने बताया कि उच्च रक्तचाप एक मौन हत्यारा है। यह बिना लक्षण के भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर साल 17 मई से 16 जून तक मनाया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का विषय अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें है।



गोला तहसील में नुक्कड़ नाटक पेश करते कलाकार। ● अमृत विचार

**● रक्तचाप रहे नियंत्रित, नुक्कड़ नाटक ने बढ़ाई जागरूकता**

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूक करना और इसके खतरे से अवगत कराना है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और अपने रक्तचाप को नियंत्रित करके लोग लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं।

उच्च रक्तचाप एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो दिल के दौरे, स्ट्रोक और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बन जाता है। जागरुकता कार्यक्रम में एनसीडी सीएचसी गोला के चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवराज वर्मा, स्टाफ नर्स जावित्री सहित पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## गरीब बेटियों की शादी में अब 1 लाख रु. खर्च करेगी सरकार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों की शादी का सरकार ने बजट बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। समारोह में देने वाले उपहारों की संख्या के साथ आय की समय सीमा भी बढ़ा दी गई है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अभी तक एक विवाह पर 54 हजार रुपये का बजट खर्च होता था, जिसमें 35 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में भेजे जाते थे और 10 हजार रुपये का उपहार दिया जाता था। इसके अलावा छह हजार रुपये पंडाल, भोजन आदि में खर्च किए जाते थे, लेकिन अब सरकार प्रति विवाह पर एक लाख रुपये खर्च करेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी तेजस्वी मिश्रा ने बताया कि 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में भेजे जाएंगे। 25 हजार रुपये का उपहार दिया जाएगा। भोजन, पानी, पंडाल, बिजली आदि व्यवस्थाओं पर 15 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। सामूहिक विवाह में 25 हजार रुपये की कीमत का 24 प्रकार का सामान दिया जाएगा, जिसमें पांच साड़ी, ब्लाउज, एक जोड़ी पैंट शर्ट, 30 ग्राम चांदी की पायल, 10 ग्राम चांदी की बिछिया, सीलिंग फेन, 10 लीटर का वॉटर कूलर, कपड़ा प्रेस, डिनर सेट, पांच लीटर का कूकर, कढ़ाई, ट्रॉली बैग, दीवार घड़ी, सिंगल बेड के दो गद्दे, दो चादर, दो तकिया आदि उपहार दिए जाएंगे।

## पानी की टंकी का गिरना खोल रहा भ्रष्टाचार की पोल



हर घर जल योजना में पनपे भ्रष्टाचार की जानकारी देते प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी के अवध प्रांत के अध्यक्ष ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पहले जिले में और फिर सीतापुर के चौका गांव में करोड़ों रुपये से बनी पानी की टंकी का गिरना निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को उजागर करता है। अवध प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत भाजपा सरकार की हर घर जल योजना अब हर घर छल योजना बन चुकी है। पहले लखीमपुर में करोड़ों की लागत से पानी की टंकी गिर गई, उसके बाद सीतापुर के चौका बेहेमा गांव में 5.31 करोड़ से बनी पानी की टंकी का ढह जाना भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रमाण है। वार्ता में जिलाध्यक्ष हासिम सिद्दीकी, अजय सिंह, रियाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लगा रक्तदान शिविर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी एवं भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करते हुए वीर जवानों के सम्मान में डॉ. कौशल वर्मा के तत्वावधान में नगर के एक हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 महादानियों ने रक्तदान किया।

रक्त दान शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. लखपतराम वर्मा नें फीता काटकर किया। शिविर में 20 लोगों नें रक्तदान कर योगदान किया है। एक कंपटीशन क्लासेज के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा एवं तरुणोदय यूथ क्लब के संदीप कुमार वर्मा की देखरेख में लगे शिविर में मोहित कुमार कनौजिया, शैलेन्द्र, संदीप वर्मा, राहुल जायसवाल, प्रशांत श्रीवास्तव, पटेल सुशील वर्मा, नितेश वर्मा, हितेंद्र कुमार, आज़ाद मेहता, अनिल जलोटा, आदर्श सोनी समेत 20 लोगों ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।





रक्तदान शिविर में रक्तदान करते महादानी। ● अमृत विचार

## पीआरवी 112 के ड्राइवर ने लगाई ब्रेक बाइक चालक घायल

**केशवापुर, अमृत विचार:** घरथनिया की ओर से अजान आ रही पीआरवी 112 पुलिस गाड़ी ने सड़क पर आ रहे युवक को बचाने के प्रयास में इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बचाया।

तभी से पीछे से आ रहे बाइक चालक ने बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और पीआरवी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। यह घटना हैदराबाद थाना की अजान चौकी क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में हुई, जहां 112 नंबर पुलिस गाड़ी युवक को बचाने के प्रयास में थी। टक्कर लगाने वाला बाइक सवार गोकुल वर्मा निवासी देउवापुर घायल हो गया। पुलिस ने घायल गोकुल को प्राथमिक उपचार कराकर हल्की चोट होने के कारण घर वापस भेज दिया है।

